भारत सरकार
गृह मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1516**

दिनांक 03.05.2016/13 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**सुरक्षा प्रणाली की समीक्षा**

**1516. श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या उच्च स्तरीय जांच अधिकारियों और निर्वाचित लोक प्रतिनिधियों की वर्तमान सुरक्षा प्रणाली की हाल में समीक्षा की गई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:
(ग) क्या बहुत से अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है जबकि एनआईए सहित उच्च जांच एजेंसी के अधिकारियों की हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध लुक आउट नोटिस जारी किया गया है;
(घ) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान कुल कितने अपराधियों के विरूद्ध लुक आउट नोटिस जारी किया गया है तथा राज्य-वार कितने जांच अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी/कार्मिक मारे गए हैं; और
(ड़) सरकार द्वारा मारे गए अधिकारियों/सुरक्षा कार्मिकों के परिवारों को स्वीकृत, जारी और लंबित क्षतिपूर्ति और दी जाने वाली वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क) और (ख): निर्वाचित जन प्रतिनिधियों और जांच अधिकारियों को खतरे की संभावना के आधार पर समय-समय पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाती है।**

.....2/-

<u>लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या: 1516</u>

(ग): एक एनआईए अधिकारी की हत्या के संबंध में आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और पांचवें फरार आरोपी के विरूद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया गया है।

(घ): वर्ष 2013 में 756 अपराधियों, वर्ष 2014 में 1079 अपराधियों, वर्ष 2015 में 2539 अपराधियों तथा चालू वर्ष के दौरान 783 अपराधियों के विरुद्व लुकआउट सर्कुलर जारी किए गए।

विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान कर्तव्य के दौरान प्राण न्योछावर करने वाले सुरक्षा बलों/कार्मिकों का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ङ): ड्यूटी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स के निकटतम संबंधियों को अनुग्रहपूर्वक मुआवजे के लिए वित्तीय वर्ष 2015-15 के दौरान 23,22,90,497 रु० की राशि का भुगतान किया गया है। अनुग्रहपूर्वक मुआवजे के लिए चालू वित्तीय वर्ष के दौरान केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल को 105,00,000 रु० की राशि जारी की गई है।

*****

अनुलग्नक

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या: 1516

गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ड्यूटी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले सुरक्षा बल कर्मियों का ब्यौरा

| राज्य का नाम | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 |
|---|---|---|---|---|
| जम्मू और कश्मीर | 53 | 47 | 39 | 07 |
| बिहार | 27 | 06 | 02 | - |
| छत्तीसगढ़ | 44 | 60 | 47 | 15 |
| झारखंड | 30 | 09 | 04 | 07 |
| महाराष्ट्र | 06 | 12 | 02 | - |
| ओडिशा | 07 | - | 03 | 02 |
| तेलंगाना | 01 | 01 | - | - |
| अरुणाचल प्रदेश | 01 | - | 03 | - |
| असम | 05 | 04 | - | 01 |
| मणिपुर | 05 | 08 | 24 | 02 |
| मेघालय | 07 | 06 | 07 | - |
| मिजोरम | - | - | 03 | - |
| नागालैंड | - | - | 09 | - |
| त्रिपुरा | - | 02 | - | - |
| कुल | 186 | 155 | 143 | 34 |

******